दिनांक–08.10.2023 समय–7.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार....

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर के जहाजपुर में जन संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल। दस करोड़ रूपयों से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन।
- भाजपा द्वारा प्रदेश के कई स्थानों पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन कई केंद्रीय मंत्री हुए शामिल।
- डीडी न्यूज के कार्यक्रम डीडी डायलॉग का जबलपुर में हुआ आयोजन। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल हुए शामिल।

और

- विश्वकप क्रिकेट में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच मैच जारी। भारत को जीतने के लिए 200 रनों की चुनौति।

............

मुखमंत्री जनसंवाद

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले के ग्राम जहाजपुर में जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दस करोड़ से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसके अंतर्गत ग्राम बायां में 2 सामुदायिक भवन और 2 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से बनने वाली रिटेनिंग वॉल भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्थानीय निवासी जमुना बाई को शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने सरकार नहीं परिवार चलाया है और मेरा प्रदेशवासियों से अद्भुत रिश्ता है। कार्यक्रम को सांसद रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रबुद्धजन सम्मेलन

भाजपा द्वारा आज प्रदेश में कई स्थानों पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रतलाम में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में संबोधित किया। कार्यक्रम में सांसद गुमान सिंह डामोर, शहर विधायक चैतन्य काश्यप सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। नरसिंहपुर के करेली में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल,

राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज को मजबूती का काम प्रबुद्ध जनो का है,यही परिवर्तन में सहभागी है। खंडवा में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने गौरीकुंज सभागृह में मध्य प्रदेश गौरव प्रतिष्ठान भोपाल एवं प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित मंथन और संवाद की दृष्टि से "मध्य प्रदेश कल आज और कल" विषय पर होने वाले सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद महापौर विधायक व शहर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इंदौर में आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इंदौर लोकसभा में 2014 में 193 पेट्रोल पंप थे जो बढ़कर 2023 में 305 हो गए हैं। 2014 में CNG स्टेशन 7 थे जो बढ़कर 47 हो गए हैं। इससे पता चलता है कि इंदौर सिर्फ स्वच्छता में ही नही हर क्षेत्र में सफल है।

<u>वनकर्मियों की अनुग्रह राशि</u>

राज्य शासन के आदेश अनुसार वन सुरक्षा के दौरान शहीद वनकर्मियों के आश्रितों को 25 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत करने के आदेश अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को जारी किये गये। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा पूर्व में शहीद वनकर्मियों के आश्रितों को 10 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 25 लाख रूपये कर दिया गया है।

<u>मेरी माटी मेरा देश</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक दवारा आज कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसके शुभारंभ अवसर कुलपति प्रो. प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान देश की मिट्टी और गौरव से वर्तमान पीढ़ी को जोड़ने का अभियान है। अक्षत और मिट्टी घरों से एकत्रित करके अमृत कलश का संयोजन और यात्रा का आयोजन सभी को देश के प्रति गौरव भाव से भरने का काम करेगा। कार्यक्रम में तिरंगे के पीछे संगठित पंच अमृत कलश को माथे पर धारण करके पंच प्रण से संकल्पित स्वयं सेवकों ने परिसर में भव्य अमृत कलश यात्रा निकाली। भारत माता की जय के उद्घोष के साथ यात्रा संचालित हुई जिसमें स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी की। यात्रा का समापन परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर हुआ।

<u>डीडी डायलॉग</u>–1

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों पर आधारित डीडी न्यूज के डीडी डायलॉग कार्यक्रम का आज जबलपुर में आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश का समर विषय आयोजित कार्यक्रम के

पहले सत्र में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को भविष्य के बारे मे ईमानदार और संकल्पवान रहना चाहिए ताकि समाज बिखरे नही।

बाइट – प्रहलाद पटेल, केंद्रीय मंत्री

'बीजेपी की राह कितनी आसान कितनी मुश्किल' इस विषय पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि बीजेपी की राह में कोई मुश्किल नही है। वहीँ कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री तरुण भानोट ने कहा कि यह जनता है सब जानती है।

डीडी डायलॉग–2

वहीँ कार्यक्रम में जबलपुर सांसद और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार राकेश सिंह ने सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का बखान करते हुए कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से सामाजिक परिदृश्य में बदलाव आया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास नीति है न नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि 2004 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद महाकौशल की उपेक्षा का दौर समाप्त हुआ।

वहीँ कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन में पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, कांग्रेस पार्टी की ओर से महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह और वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट शामिल हुए इसी प्रकार दूसरे पैनल डिस्कशन में पूर्व महापौर प्रभात साहू ,कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विप्लव अग्रवाल शामिल हुए।

एशियाई खेल

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों का समापन समारोह जारी है। हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश ने तिरंगा लेकर मैदान में प्रवेश किया। इन खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा। भारत को ऐतिहासिक 100वां मेडल महिला कबड्डी में स्वर्ण पदक के रूप में मिला। देश को सबसे अधिक 29 पदक एथलेटिक्स में मिले हैं।

क्रिकेट–विश्वेकप–1800

चेन्नई में क्रिकेट विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 200 रन का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 50वें ओवर में 199 रन पर आउट हो गई। स्टीनव स्मिथ ने 46 और डेविड वॉर्नर ने 41 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रवीन्द्र जडेजा ने तीन, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने दो–दो विकेट लिए। विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 12 मैच हुए हैं। इनमें से 8 बार ऑस्ट्रेलिया ने और 4 बार भारत ने जीत हासिल की है। खबर लिखे जाने तक भारत ने अपनी पारी की शुरूआत में ही 20 रनों पर 3 विकेट खो दिए हैं।

समाचार संक्षेप में :–

- प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने आज अमरपाटन विधानसभा के ग्राम नारायणपुर में 80 लाख रुपये लागत के बीटी रोड निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत देवरा में 21 लाख रुपये के सड़क निर्माण के कार्यों का भूमिपूजन किया।
- विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से देवास जिले में स्वीप अभियान की गतिविधियों आयोजित की जा रही है। आज एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज द्वारा मैराथन रन का आयोजन किया गया।
- मंडी बोर्ड भोपाल ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के 14 ग्रामों में कृषक सेवा केंद्र निर्माण की स्वीकृति दे दी है। वर्तमान में किसानों को कृषि व इससे संबंधित अन्य जानकारी के लिए किसान मित्रों की मदद लेना पड़ती थी।

————————————